-(151)

# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

## :: कार्यालय आदेश ::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक–शिविरा–मा/संस्था/सी–7/हिन्दी/स्थाना./2020–21 दिनांक–04.01.2021 के तहत् श्री दया राम सैनी, व्याख्याता–हिन्दी, राउमावि, बजावा रावतका (झुंझुनू) का स्थानान्तरण राउमावि, बिलेन्डी (बारां) किया गया तथा श्री सुनील कुमार, व्याख्याता–हिन्दी का राउमावि, राबड़ियावास, पाली से राउमावि, बजावा रावतका, झुंझुनू स्थानान्तरण किया गया। श्री दयाराम सैनी द्वारा उक्त स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील सं.–434/2021 दया राम सैनी बनाम सरकार दायर की गई। उक्त याचिका में माननीय न्यायालय द्वारा आदेश दिनांक–27.01.2021 में विवादग्रस्त स्थानान्तरण आदेश दिनांक–04.01.21 के क्रियान्वयन पर अपीलार्थी के पदस्थापन के संबंध में चार सप्ताह तक स्थगन प्रदान किया गया है एवं साथ ही यह भी निर्देश प्रदान किये है कि अपीलार्थी को वहीं कार्यरत रखा जावें, जहां पर वह चुनौती आदेश पारित किए जाने से पूर्व कार्यरत था।

अतः प्रशासनिक अत्यावश्यकता, जनहित, छात्रहित एवं राउमावि, बजावा रावतका (झुंझुनू) में व्याख्याता–हिन्दी के पद पर दोहरे पदस्थापन के निवारणार्थ एवं माननीय अधिकरण के निर्णय की पालना में श्री दया राम सैनी, व्याख्याता–हिन्दी, राउमावि, बजावा रावतका (झुंझुनू) में व्याख्याता–हिन्दी के पद पर पदस्थापित रहेंगे एवं श्री सुनील कुमार, व्याख्याता–हिन्दी का पदस्थापन जे.मांगीलाल प्रकाशचन्द रूनवाल जैन राउमावि, बर–रायपुर (214111) पाली किया जाता है। उक्त पदस्थापन/समायोजन माननीय अधिकरण के आगामी/अन्तिम निर्णय के अध्यधीन रहेंगे। सभी संबंधित पक्षकार सूचित होवें।

Rajasthan Education Department

21.12.21

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–7/हिन्दी/को.के./दयाराम सैनी/434/2021 दिनांक– 21-12-2021

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1 संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर
2 संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3 संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा
4 मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, पाली/झुंझुनू/बारां
5 जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर
6 विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा
7 सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु
8 संबंधित प्रधानाचार्य/कार्मिक/रक्षित पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर